आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

सोमवार 24.03.2025

समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– प्रदेश सरकार वर्ष 2030 तक सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।
- विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त राज्य बनाने पर जोर दिया।
- केंद्र सरकार ने संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ता और पेंशन में वृद्धि की घोषणा की।
- सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री ने रुद्रपुर में एक जनसभा को संबोधित किया। कहा– सरकार ने 30 से अधिक नीतियों को लागू कर पलायन को रोकने का काम किया है।
- केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से प्याज के निर्यात से एक्सपोर्ट ड्यूटी हटाने का निर्णय लिया है।

अचीवर्स अवॉर्ड

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य सरकार वर्ष 2030 तक सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इकोनॉमी और इकोलॉजी के संतुलन के लिए ''त्रि–स्तंभीय और नौ–सूत्रीय नीति'' की शुरुआत की गई है, जो सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। श्री धामी ने आज देहरादून में एस.डी.जी अचीवर्स अवॉर्ड समारोह को संबोधित करते हुए ये बाते कहीं।

समारोह में 3 व्यक्तियों, 09 संस्थानों और 04 औद्योगिक प्रतिष्ठानों को एसडीजी अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों और संस्थाओं को एसडीजी अचीवर्स अवॉर्ड से सम्मानित होने पर बधाई देते हुए कहा कि ये राज्य के विकास के वास्तविक ब्रांड एंबेसडर भी हैं।

विश्व टीबी दिवस

केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर लोगों से टीबी को खत्म करने और स्वास्थ्य में सुधार के लिए प्रतिबद्धता का आह्वान किया है।

विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त राज्य बनाने पर जोर दिया। डॉ. रावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सरकार हर मरीज को जरूरी उपचार और पोषण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि अब तक 5 हजार से अधिक राजस्व गांव टीबी मुक्त हो चुके हैं।

पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, अल्मोड़ा और बागेश्वर में 'हां, हम टीबी को हरा सकते हैं' कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने टीबी के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में लोगों को जानकारी दी। इस मौके पर बागेश्वर के जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से टीबी मरीजों को मुफ्त इलाज और पोषण सहायता दी जा रही है।

संसद

केंद्र सरकार ने संसद के वर्तमान और पूर्व सदस्यों के वेतन, दैनिक भत्ता और पेंशन में वृद्धि की घोषणा की। संसद सदस्यों का मासिक वेतन एक लाख रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 24 हजार रुपये कर दिया गया है।

सरकार के तीन वर्ष

प्रदेश सरकार के तीन साल पूरे होने पर राज्य भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर के रुद्रपुर में रोड शो करने के साथ ही एक जनसभा को भी संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने रुद्रपुर में नजूल की समस्या का समाधान करने का काम किया है। श्री धामी ने कहा कि सरकार ने 30 से अधिक नीतियों को लागू कर पलायन को रोकने का कार्य किया है। साथ ही होम स्टे, लखपति दीदी योजना और सौर स्वरोजगार योजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

उधर, बागेश्वर पुलिस और एस डी आर एफ ने नुमाइश मैदान में जागरूकता स्टॉल लगाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, यातायात नियम, बाल अपराध आदि के प्रति जागरूक किया। साथ ही एस डी आर एफ टीम ने आपदा राहत व बचाव कार्यों की जानकारी देकर आवश्यक उपकरणों के उपयोग का प्रदर्शन किया।

प्याज निर्यात

केंद्र सरकार ने पहली अप्रैल से प्याज के निर्यात से एक्सपोर्ट ड्यूटी हटाने का निर्णय लिया है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, इससे किसानों को लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा और उपभोक्ताओं के लिए प्याज की उपलब्धता भी बनी रहेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, अब प्याज के निर्यात पर कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी, ताकि देश के किसानों का प्याज बिना किसी शुल्क के वैश्विक बाजारों तक पहुंचे और उन्हें बेहतर कीमत मिल सके।

जी आई टैग

चम्पावत के लोहाघाट स्थित स्वामी विवेकानंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जीआई टैग पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यूकास्ट के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में विशेषज्ञों ने कहा कि जीआई टैग से उत्पाद को उच्च मूल्य प्राप्त होता है। उत्तराखंड राज्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद– यूकास्ट के महानिदेशक प्रोफेसर दुर्गेश पंत ने कहा कि विज्ञान प्रौद्योगिकी आधारित शासन में चंपावत जिला पूरे राज्य के लिए महत्वपूर्ण है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

सरकार ने नई टिहरी में 54 करोड़ 5 लाख रुपये की डीपीआर लागत वाले सीवर नेटवर्क के साथ 5 नए एमएलडी एसटीपी तथा 37 करोड़ 11 लाख रूपए के सोलिड वेस्ट मेनेजमेंट तथा वेस्ट मेनेजमेंट सेन्टर के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।

आज देहरादून में पत्रकार कल्याण कोष और मुख्यमंत्री पत्रकार सम्मान पेंशन योजना की समिति की बैठक में पत्रकार कल्याण कोष के कुल 11 प्रकरणों पर विचार किया गया तथा समिति द्वारा पात्र 06 प्रकरणों पर सर्वसम्मति से कुल 30 लाख की आर्थिक सहायता दिये जाने की संस्तुति प्रदान की गई।

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने आगामी चारधाम यात्रा और हेमकुण्ड यात्रा की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को सड़क, बिजली, पानी और सीवर के सभी कार्यों को 20 अप्रैल तक पूरा करने के निर्देश दिए।